पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दी मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह रावत को भावभीनी विदाई

लखनऊ: 7 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में अपने पूर्व मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह रावत को भावभीनी विदाई दी। श्री इन्द्रजीत सिंह रावत ने राजभवन में 14 वर्ष 8 माह तक निरन्तर अपनी सेवायें दी हैं। श्री रावत की सेवानिवृत्ति फरवरी 2016 में हुयी थी लेकिन उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए राज्यपाल ने उन्हें छः माह का सेवा विस्तार दिया था।

राजभवन में आज आयोजित विदाई समारोह में श्री इन्द्रजीत सिंह रावत को राज्यपाल श्री राम नाईक सहित सभी अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। राज्यपाल ने इस अवसर पर उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री रावत एक सजग अधिकारी के रूप में काम करते रहे हैं। उन्हें अपने काम से प्यार था। श्री रावत अपने साथ राजभवन से तजुर्बे की पूंजी लेकर जा रहे हैं। राज्यपाल ने उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राज्यपाल की पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक, प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर, श्री इन्द्रजीत सिंह रावत की पत्नी श्रीमती सुशीला रावत सहित राजभवन के सभी अधिकारीगण उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (322/14)